# रायगढ़ जिले में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर होगा 21 हजार आवासों का महा गृह प्रवेश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से होंगे शामिल

- दिसंबर 2023 से अब तक रायगढ़ जिले में 21 हजार आवासों का निर्माण हुआ पूर्ण, पूरे प्रदेश में यह सर्वाधिक
- 6 हजार हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि होगी जारी, 3 हजार नए आवासों को मिलेगी स्वीकृति

**रायगढ़**

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर 30 मार्च को रायगढ़ जिले में पीएम आवास हितग्राहियों के महागृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसमें रायगढ़ जिले के 21 हजार आवासों का महा गृह प्रवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से इन आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर 6 हजार हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि भी जारी जाएगी। साथ ही 3 हजार नए हितग्राहियों के लिए आवास निर्माण को स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित महा गृह प्रवेश उत्सव के भव्य आयोजन में शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों को उनके नए नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराएँगे तथा नए हितग्राहियों को आवास स्वीकृत का प्रमाण पत्र भेंट करेंगे।





ग्रामीण परिवारों के खुद के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही राशि जारी करते हुए हितग्राहियों के मकानों को पूरा करवाने का काम किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव द्वारा आवास निर्माण का काम पूरी तेजी से पूर्ण करवाने नियमित रूप से समीक्षा कर फील्ड स्तर पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है। दिसंबर 2023 से अब तक की बात करें तो रायगढ़ जिले में करीब 21 हजार मकान पूर्ण कर लिए गए हैं। जो कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है।

पीएम आवास निर्माण गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पीएम आवास निर्माण हेतु हितग्राहियों के लिए वित्तीय सहायता से हितग्राहियों को बड़ी सहूलियत है। वहीं खुद का पक्का मकान बनने से उन्हें कच्चे मकान से होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलने के साथ ही एक स्वच्छ वातावरण में रहने का अवसर मिलता है। हितग्राही के जीवन स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है।

## 21 हजार आवास निर्माण की पूर्णता के साथ रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में टॉप पर

- वित्त मंत्री चौधरी ने लगातार जिले में आवास निर्माण की समीक्षा की, कार्यों को तेजी से पूरा करवाने पर रहा जोर
- वित्त मंत्री चौधरी ने महागृह प्रवेश पर हितग्राहियों को दी बधाई व शुभकामनाएं

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में दिसंबर 2023 से अब तक करीब 21 हजार आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जिसका महा गृह प्रवेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा है। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने सभी हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

वित्त मंत्री चौधरी के प्रयासों से रायगढ़ जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने नियमित रूप से पीएम आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवासों को जल्द पूरा करने पर जोर दिया। जिसका परिणाम रहा कि रायगढ़ जिले में 21 हजार आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जो कि पूरे राज्य में सर्वाधिक है। आवास निर्माण के मामले में रायगढ़ प्रदेश में टॉप पर है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति और उसे पूरा करना यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है। कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। आवास निर्माण के लिए राशि जारी कर मकानों को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए। रायगढ़ में जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से आवास निर्माण की समीक्षा की गई। अधिकारी फील्ड में जाकर हितग्राहियों के संपर्क कर काम की प्रगति की मॉनिटरिंग करते रहे। जिसका परिणाम रहा कि पिछले सवा सालों में 21 हजार से अधिक परिवारों को उनका अपना पक्का मकान मिला है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले के 21 हजार हितग्राही जिनके मकान पूरे हो चुके उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आपके जीवन की नई शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि स्वीकृत अन्य आवास के निर्माण को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे आगामी बारिश के पहले अधिक से अधिक हितग्राहियों के आवास पूरे हो सकें।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार से 53 लाख रुपए नगद बरामद

**महासमुंद (आरएनएस)।** महासमुंद जिले के सिंघोडा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 53 लाख रुपए नगद बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि कार झारखंड से नागपुर जा रही थी। चालक के पास कैश का कोई वैध दस्तावेज नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के सिंघोडा पुलिस रेहटीखोल चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार क्रमांक एमएच 02 सीआर 2126 को रोक कर जांच की गई तो कार की डिग्गी में रखे नोटों से भरा बैग मिला जिसमें 53 लाख रुपए नगद मिले। चालक ने पुलिस को बताया कि वह रांची झारखंड के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैक्ट्री से पैसा लेकर नागपुर जा रहा था। पुलिस ने जब चालक ने पैसों से संबंधित वैध दस्तावेजों की मांग की तो चालक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। जिसके चलते सिंघोडा पुलिस ने नगद रकम जब्त कर लिया तथा आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी है।

### 30 और 31 मार्च को अवकाश में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

#### जनता की सुविधा हेतु अपॉइंटमेंट का समय शाम 7 बजे तक बढ़ाया गया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री ओ. पी. चौधरी के स्पष्ट निर्देश पर जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है कि मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय सायं 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एन.जी.डी.आर.एस. सॉफ्टवेयर का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), पुणे और एनआईसी रायपुर की तकनीकी टीम द्वारा ऐसी कोई तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए लगातार तकनीकी समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है।

## पूर्व सीएम भूपेश के ओएसडी रहे आशीष वर्मा के घर सीबीआई ने दी दबिश

**दुर्ग-रायपुर । आरएनएस**

पूर्व सीएम भुपेश बघेल के ओएसडी आशीष वर्मा के निवास पर सीबीआई ने रेड डाली है. 26 को सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास समेत 33 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सीबीआई ने भिलाई के वसुंधरा नगर स्थित आशीष वर्मा के घर पर भी दबिश दी थी, लेकिन वे घर पर नहीं थे. सीबीआई ने तब उनके घर को सील कर दिया था, जिसके बाद आशीष वर्मा की अपील पर आज उनका घर खोला गया और घर खुलते ही सीबीआई की टीम ने छापेमार कार्रवाई शुरू कर दी है.

**छत्तीसगढ़ में 33 से अधिक ठिकानों पर सीबीआई ने मारा छापा**

सीबीआई की टीम ने 26 मार्च को तडक़े रायपुर, भिलाई समेत दो दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की. जिन प्रमुख लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई हुई, उनमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, सीएम सचिवालय में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल, एडिशनल एसपी अभिषेक महेश्वरी, एडिशनल एसपी संजय ध्रुव, केपीएस ग्रुप के प्रशांत त्रिपाठी, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर व आशीष वर्मा, निरीक्षक गिरीश तिवारी समेत 33 से अधिक ठिकाने शामिल हैं.

**जानिए पूरा मामला-** छत्तीसगढ़ सरकार ने अगस्त 2024 में महादेव बेटिंग एप घोटाले की जांच आधिकारिक तौर पर सीबीआई को सौंप दी थी. ईडी ने पिछले साल जनवरी में इस पूरे मामले की जांच शुरू की थी, जिसके बाद इसका जिम्मा एसीबी और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को भी सौंप दिया गया था. इस साल लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले 4 मार्च को एसीबी द्वारा दायर चार्जशीट में भूपेश बघेल को आरोपी बनाया गया था. भूपेश बघेल के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी. कई अन्य भी आरोपी बनाए गए थे.

## कंस्ट्रक्शन कंपनी से 35 लाख की हेराफेरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने कंस्ट्रक्शन कंपनी को 35 लाख रुपये की चपत लगाने वाले दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। लंबित अपराधों में फरार आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए सभी थाना और चौकी में कार्रवाई जारी है।

जानकारी के अनुसार, 6 अगस्त 2023 को रायगढ़ निवासी बजरंग अग्रवाल (57 वर्ष) ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी कंपनी रायगढ़ में नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य में लगी थी। इस दौरान कंपनी के लिए डीजल और पेट्रोल की जरूरत पड़ती थी, जिसे ट्रायबल अपेक्स से इंडेंट पर्ची के माध्यम से खरीदा जाता था। पिछले कुछ समय से ट्रायबल अपेक्स के कर्मचारियों ने कंपनी के पूर्व कर्मचारी गौरव गर्ग और हरजेश प्रधान के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए चार फर्जी इंडेंट पर्चियों के जरिए कंपनी के नाम पर डीजल और पेट्रोल निकाला और भुगतान कंपनी के खाते से किया।



इसके पहले भी गौरव गर्ग पर लेबर पेमेंट में 12 लाख रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगा था, जिसके चलते उसे नवंबर 2022 में नौकरी से निकाल दिया गया था। हरजेश प्रधान उर्फ हरजेश उरांव कंपनी कार्यालय से डीजल-पेट्रोल की पर्ची लेकर ट्रायबल पंप से ईंधन भरवाने का काम करता था, जबकि गौरव गर्ग पर्ची जारी करने और हिसाब रखने का कार्य देखता था। आडिट के दौरान 16 अक्टूबर 2021 से 4 जून 2023 के बीच की गई जांच में यह गड़बड़ी उजागर हुई। इस आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 593/2023 धारा 408, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान गवाहों के बयान दर्ज किए गए और मूल इंडेंट पर्ची सहित अन्य दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किए गए। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे और गौरव गर्ग के पंजाब भागने की सूचना मिली थी। कोतवाली पुलिस के निरंतर प्रयास और दबाव के कारण दोनों आरोपी वापस रायगढ़ लौटे, जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर बैकुंठपुर और विजयपुर में दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद आरोपी (01) गौरव गर्ग पिता राजकुमार गर्ग उम्र 37 वर्ष स्थाई पता सिटी धुरी थाना धुरी जिला संगरूर पंजाब हाल० भुजबधान तलाब गली बैकुण्ठपुर रायगढ़ थाना कोतवाली जिला रायगढ़ (02) हर्जेश प्रधान पिता अशोक कुमार बैरागी उम्र 28 वर्ष निवासी विजयपुर बेईरदादर रायगढ़ थाना चकधरनगर जिला रायगढ़ (छ०ग०) को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया।

इस गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक अनूप तिग्गा, आरक्षक मनोज पटनायक, रोशन एक्का और महिला आरक्षक प्रतीक्षा मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सट्टेबाजों पर कार्यवाई में चार आरोपी गिरफ्तार, नगदी और सट्टा सामग्री जब्त

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में रायगढ़ पुलिस ने सट्टा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कल शाम सिलसिलेवार चक्रधरनगर और जूटमिल क्षेत्र में शहरी थाना स्टाफ और साइबर सेल टीम ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।





**बोईरदादर चौक पर सट्टेबाज गिरफ्तार**

पुलिस ने बोईरदादर चौक पर दबिश देकर आकाश कुमार भोय (24 वर्ष), निवासी ग्राम पतरापाली को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के पास से रु.3,340 नगद, डॉट पेट और सट्टा पर्ची बरामद की गई।

**बंगाली कॉलोनी में छापा, एक आरोपी गिरफ्तार**

चक्रधरनगर क्षेत्र में एक अन्य कार्रवाई में बंगाली कॉलोनी में पुलिस ने संतोष यादव (33 वर्ष), निवासी मोदीपारा को सट्टा लिखते पकड़ा। मौके से रु.3,210 नगद और डॉट पेन जब्त किया गया।

**कोड़ातराई बस स्टैंड पर पुलिस की दबिश**

थाना जूटमिल क्षेत्र के कोड़ातराई बस स्टैंड पर पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर सट्टा पट्टी लिखते हुए संजय मिरी (29 वर्ष), निवासी बजरंगडीपा राजीव गांधी नगर मिट्ठूमुड़ा को पकड़ा। आरोपी के पास से रु.1,960 नगद, डॉट पेन* और सट्टा पर्ची बरामद हुई।

**सोनुमुड़ा तालाब पार से भी आरोपी गिरफ्तार**

इसके अलावा सोनुमुड़ा तालाब पार से पुलिस ने संजय चौहान (36 वर्ष), निवासी सोनुमुड़ा नयापारा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से रु.3,350 नगद, डॉट पेन और सट्टा पर्ची जब्त की गई।

चारों कार्यवाही में आरोपियों से कुल 5,860 रुपए नगर तथा सट्टा पट्टी सामग्री की जाति की गई है। आरोपियों के खिलाफ थाना चक्रधरनगर और थाना जूटमिल में 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत राव, निरीक्षक मोहन भारद्वाज, उप निरीक्षक गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, श्यामदेव साहू, कृष्ण कुमार गुप्ता तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, रेणु सिंह, आरक्षक पुष्पेन्द्र जाटवर, महेश पंडा, प्रशांत पंडा, रविंद्र गुप्ता, विक्रम सिंह, विकास प्रधान और प्रताप बेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सट्टा और जुआ जैसे अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस जनता से अपील करती है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें।

## सुरक्षाबलों ने तोड़ी नक्सलियों की कमर, 16 माओवादी हुए ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**सुकमा-रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार सुबह सुकमा के गोगुंडा पहाड़ी इलाके में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके साथ ही मौके से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक, 28 मार्च 2025 को सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जिला रिजर्व गार्ड और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान 29 मार्च की सुबह करीब 8 बजे उपमपल्ली इलाके के गोगुंडा पहाड़ी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो कई घंटों तक चली। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को 16 नक्सलियों के शव मिले हैं। इसके साथ ही,एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर समेत बड़ी संख्या में गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई है। मुठभेड़ में दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है।

## रायपुर-अभनपुर के मध्य दौड़ेगी मेमू ट्रेन

**रायपुर । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ को रेल, सडक़, आवास, शिक्षा, उर्जा और ईंधन समेत कई सौगात देंगे। इस मौके पर पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभनपुर से रायपुर रेल सेवा की शुरुआत भी करेंगे। गाड़ी संख्या 08835 अभनपुर-रायपुर इनॉग्रल मेमू पैसेंजर स्पेशल आठ कोच के साथ अभनपुर से 15:30 बजे रवाना होकर 15.38 बजे केंद्री, 15.52 बजे सीबीडी, 16.10 बजे मंदिर हसौद और 16.55 पर रायपुर पहुंचेगी। रेलवे की रेल लिस्ट के मुताबिक, मात्र 10 रुपए में अभनपुर से रायपुर तक की सफर कर सकते हैं. रेल यात्रियों को 31 मार्च 2025 से रायपुर से अभनपुर के बीच सुबह और शाम को दो मेमो स्पेशल ट्रेन की सुविधा दो फेरे में मिलेगी। एक घंटे के सफर में यात्री रायपुर से अभनपुर पहुंच सकेंगे। सुबह के दो फेरे में गाड़ी संख्या 68760 रायपुर से अभनपुर मेमू पैसेंजर रायपुर से 9:00 बजे रवाना होकर 9:18 बजे मंदिर हसोद, 9:32 बजे सीबीडी 9:50 बजे केंद्रीय और 10:10 बजे अभनपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी वापसी में गाड़ी संख्या 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर अभनपुर से 10:20 बजे रवाना होकर केंद्री 10.28 बजे, सीबीडी 10.42 बजे, मंदिर हसौद 11:00 बजे और रायपुर 11:45 बजे पहुंचेगी।




शाम के दो फेरे में गाड़ी संख्या 68762 रायपुर-अभनपुर मेमू पैसेंजर रायपुर से 16:20 बजे रवाना होकर 16.38 बजे मंदिर हसौद, 16.52 बजे सीबीडी, 17: 10 बजे केंद्री, 17.30 बजे अभनपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 68763 अभनपुर रायपुर मेमू पैसेंजर अभनपुर से 18:10 बजे रवाना होकर 18:18 केंद्री, 18.32 बजे सीबीडी, 18.45 बजे मंदिर हसौद, 19.20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## रायगढ़ में पुलिस अधिकारियों के लिए आईटी एक्ट और साइबर फ्रॉड पर कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़**

पुलिस नियंत्रण कक्ष में आज पुलिस जांचकर्ताओं और कर्मचारियों के लिए आईटी एक्ट और साइबर फ्रॉड पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन में प्रत्येक शनिवार को विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य जांच और विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाना है ताकि अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।



गत सप्ताह एनडीपीएस एक्ट पर कार्यशाला आयोजित की गई थी, जबकि इस सप्ताह आईटी एक्ट और साइबर अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। कार्यशाला के दौरान आईटी एक्ट और साइबर फ्रॉड से जुड़े न्यायालयीन निर्णयों (केस डायरी) पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ ही विवेचना में सामने आने वाली खामियों और उत्कृष्ट विवेचना के मानकों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस कार्यशाला में साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में आईटी एक्ट, साइबर अपराधों और उनकी रोकथाम पर जानकारी दी। उन्होंने पुलिस विवेचना में पाई जाने वाली त्रुटियों और उनके निराकरण के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही, आईटी एक्ट के तहत साइबर अपराधों में लागू कानूनी धाराओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत प्राप्त होने पर सबसे पहले साइबर पुलिस पोर्टल पर कम्प्लेन दर्ज करानी चाहिए। इस प्रक्रिया को समझाने के लिए पुलिसकर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने साइबर जागरूकता के तहत यह भी बताया कि लोग लालच में न पड़ें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात कॉल्स व संदेशों से सतर्क रहें और किसी भी वित्तीय लेन-देन से पहले पूरी जांच करें।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी उन्नति ठाकुर, उत्तम प्रताप सिंह सहित शहर के सभी थाना प्रभारियों ने अपने विवेचकों के साथ सहभागिता की, जबकि अन्य राजपत्रित अधिकारी और तहसील के थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी बताया गया, जिससे साइबर अपराधों की जांच को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480